an>

Title: Need to connect the villages under the Pradhanmantri Gram Sadak Yojana in Jhunjhunu Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहती हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। किसी भी देश की आर्थिक प्रगति वहां के सड़क तंत्र पर निर्भर करती है। हमारे सड़क और परिवहन मंत्री जी के दफ्तर में एक कोटेशन पढ़ा था कि अमेरिका इसलिए विकसित नहीं है कि उन्होंने सड़क तंत्र मजबूत कर रखा है, बल्कि वहां सड़क तंत्र मजबूत है, इसलिए अमेरिका विकसित देशों की श्रेणी में आता है।

मेरे संसदीय क्षेत्र में आने वाले राजस्व ग्रामों की हमारी एक संस्था बिट्स पिलानी ने सर्वेक्षण टीम के द्वारा सर्वे करवाया, तो पता लगा कि लगभग सौ के करीब ब्लॉक्स ऐसे हैं, जिनकी जनसंख्या 350 से भी अधिक है। यहां तक कि ग्रामीणों के लिए पक्की सड़क सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। आवागमन की बात छोड़िए, उनको अपने कृषि उत्पादकों को बेचने के लिए जब बाजार जाना पड़ता है, विद्यालय या अस्पताल जाना पड़ता है, तो बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कम से कम राजस्व ग्रामों को सड़कों से जोड़ा जाए। यह प्राथमिकता जब हम प्रधानमंत्री सड़क योजना में कर रहे हैं तो मेरा वंचित संसदीय क्षेत्र आपसे गुहार लगाता है। मैं आपके माध्यम से यह बात कहना चाहती हूं कि मेरे राजस्व ग्रामों को सड़क से जोड़ा जाए और सड़क तंत्र को विकसित किया जाए, धन्यवाद।